# कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 28.01.2021 को सायं 04:00 वजे महाविद्यालय विकास व छात्र हित मुददों पर चर्चा हेतु विकास समिति की एक अति आवश्यक बैठक रखी गई। उक्त समिति के वर्तमान सदस्य निम्नानुसार हैं –

1. माननीय श्रीमान् संयम लोढ़ा, विधायक सिरोही
2. माननीय श्रीमान् महेन्द्र मेवाड़ा, सभापति नगर परिषद्, सिरोही
3. श्रीमान् हसमुख कुमार, उपखण्ड अधिकारी, सिरोही
4. श्रीमान् भगीरथ विश्नोई, CEO, जिला परिषद्, सिरोही
5. डॉ. अनुपमा साहा, अध्यक्ष, महाविद्यालय विकास समिति, सिरोही
6. डॉ. नवनीत कुमार वर्मा, सदस्य सचिव, महाविद्यालय विकास समिति, सिरोही
7. डॉ. संध्या दुबे, सदस्य, महाविद्यालय विकास समिति, सिरोही
8. डॉ. भगवानाराम बिश्नोई, सदस्य, महाविद्यालय विकास समिति, सिरोही
9. श्री पारसराज धानेटिया, सदस्य, महाविद्यालय विकास समिति, सिरोही
10. श्री दिनेश्वर पुरोहित, सदस्य, महाविद्यालय विकास समिति, सिरोही
11. श्री दिनेश गुलाबवानी, सदस्य, महाविद्यालय विकास समिति, सिरोही

बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है –

1. कोरोना वायरस व भविष्य में इस तरह की अन्य महामारियों के कारण विद्यार्थी हित में विकास समिति से सैनेटाइजर, मास्क आदि आश्यकतानुसार क्रय किये जाने की अनुशंसा की जाती है।
2. महाविद्यालय में ऑनलाइन गतिविधियों जैसे–कक्षाएं, विडीयों कार्फ्रेंस, वेबीनॉर आयोजन, आयुक्तालय द्वारा संचालित विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रम आदि को सुचारु रूप से चलाने के लिए एक डेडिकेटेड लीज लाईन की आवश्यकता है। राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा संबंधी RUSA के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टरेट के अनुसार 17 मूलभूत सुविधाओं के अन्तर्गत भी डेडिकेटेड लीज लाईन को महाविद्यालय के नेट कनेक्टिविटी के लिए बिन्दू सं. 13 पर अनिवार्य सुविधा के रूप में लिया गया है। इस हेतु महाविद्यालय ने बीएसएनएल सिरोही को सम्पर्क किया था, जिनके द्वारा इस बाबत् कुल राशि लगभग रूपये 155000/– का एक वर्ष का अनुमानित व्यय बताया गया है। अतः इस हेतु उक्त राशि को महाविद्यालय विकास समिति/छात्रनिधि कोष से व्यय करने की अनुशंषा की जाती हैं। उक्त सुविधा को वाई फाई के माध्यम से समस्त विद्यार्थियों को भी निःशुल्क नेट कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध करवाने की अनुशंषा की जाती है।
3. महाविद्यालय के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु सेमिनॉर कक्ष व स्मॉर्ट कक्षाकक्ष को Audio Equipments, Furnitures, Mic एवं अन्य संबंधित मदो पर व्यय हेतु लगभग रूपये 3,00,000/– के व्यय की अनुशंषा की जाती है।
4. महाविद्यालय में रूसा सेमिनॉर हॉल के ऊपर एक ओर हॉल का नवीन निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है, इस मद पर लगभग रूपये 50,00,000/– के व्यय की संभावना है, अतः महाविद्यालय विकास समिति की ओर से संस्तुति की गई कि उक्त कार्य को दानदाता/भामाशाह/छात्रनिधि कोष के माध्यम से पूर्ण करवाने की अनुशंषा की जाती है।
5. महाविद्यालय के मुख्य परिसर में स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के लिए नवीन विभागीय कक्ष के निर्माण का प्रस्ताव रखा जाता है, उक्त कार्य पर लगभग रूपये 20,00,000/– के व्यय की संभावना है। अतः महाविद्यालय विकास समिति की ओर से संस्तुति की गई कि उक्त कार्य को दानदाता/भामाशाह/जिले में स्थित औद्योगिक ईकाईयों के CSR के माध्यम से पूर्ण करवाने की अनुशंषा की जाती है।

6. महाविद्यालय के मुख्य परिसर में पीछे की तरफ एक नये गार्डन को विकसित करना परिसर के सौन्दर्यीकरण की दृष्टि से आवश्यक है, अतः इस प्रयोजन हेतु लगभग रूपये 1,50,000/– के व्यय की संभावना है, अतः उक्त व्यय को महाविद्यालय विकास समिति से करने की अनुशंषा की जाती है।

7. महाविद्यालय में सत्र 2020–21 में NAAC प्रत्यायन करवाना आवश्यक है। इस कार्य हेतु अकादमिक व अन्य स्तरों पर कार्य सम्पन्न किया जाना है। राजस्थान सरकार से इसके लिए अलग से कोई अनुदान प्राप्त नहीं होता है। महाविद्यालय वर्तमान में "A" ग्रेड धारी है एवं ग्रेड को बनाए रखने के लिए विभिन्न विषयों के स्तरीय जर्नल्स पुस्तकालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाने, विभिन्न विभागों द्वारा सेमिनार/कांफ्रेंस/कार्यशाला आदि गतिविधियां आयोजित करवाने आदि हेतु विकास समिति से व्यय की आवश्यकता होगी। अतः आवश्यक संसाधन जुटाने के लिए महाविद्यालय विकास समिति शुल्क को रू. 400/– प्रति विद्यार्थी (नियमित/स्वयंपाठी) कर दिया जाए। उल्लेखनीय है कि अन्य राजकीय महाविद्यालय के समान इस महाविद्यालय में डिग्री व टी.सी. का कोई शुल्क नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों से नहीं लिया जाता।

8. महाविद्यालय में आवश्यकतानुसार अकुशल कार्मिक/कुशल कार्मिक पूर्व की भांति ही राजस्थान सरकार श्रम कानून के न्यूनतम मजदूरी के नियमों के तहत रखे जा सकेंगे। इस प्रयोजन हेतु महाविद्यालय विकास समिति से प्रतिमाह व्यय करने की अनुशंषा की जाती है। इसी तरह से महाविद्यालय में अन्य आकस्मिक व्यय भी किये जा सकेंगे।

9. पुस्तकालय ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत हो चुका है और परिसर में अलग क्षेत्र में स्थित है। अतः वायरलेस हाईस्पीड नेट सुविधा लेने के लिए महाविद्यालय विकास मद से व्यय करने की अनुशंसा की जाती है।

10. विधायक महोदय ने किसी एक Professional Person को involve करके महाविद्यालय के लिये वर्ष 2050 तक होने वाले सभी प्रकार के नवीन निर्माण को Landscape की दृष्टि से Master Plan तैयार करने का निर्देश प्रदान किया। इस संबंध में होने वाले किसी भी प्रकार के व्यय को महाविद्यालय विकास समिति से किये जाने की अनुशंषा की जाती है।

11. महविद्यालय के पुस्तकालय को INFLIBNET के माध्यम से ई–लाईब्रेरी के रूप में भी विकसित करने की भी अनुशंषा की जाती है। इस संबंध में होने वाले किसी भी प्रकार के व्यय को महाविद्यालय विकास समिति से किये जाने की अनुशंषा की जाती है।

12. सत्र 2021–22 में अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, भूगर्भशास्त्र, व्यावसायिक प्रशासन विषयों में तथा लाईब्रेरीयन, पी.टी.आई. व प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला सेवक के पदों को महाविद्यालय विकास समिति के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था करने की भी अनुशंषा की गयी।

बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

**हस्ताक्षर –**

1.
2.
3.
4.
5.
6.
7.
8.
9.
10.
11. Dinesh

GOVERNMENT COLLEGE, SIROHI (RAJASTHAN)
NAAC "B++" Grade Accredited College
(Affiliated to M. L. Sukhadia University, Udaipur, Rajasthan)
E-mail: collegesirohi@gmail.com Office & Fax no. 02972-221684

# ACTION TAKEN REPORT

**On**

**Mahavidyalay Vikas Samiti meetings 2020-21**

| S. No. | Decisions taken in meetings | Action Taken |
|---|---|---|
| 1. | In the view of the pandemic sanitizers, masks etc. to be arranged in adequate quantity for students | Sanitizers and masks were arranged |
| 2. | To make wi-fi available to the students. For that the expense of lease line and wireless internet gadgets to be borne by MVS. | Lease line subscribed from BSNL, and wireless internet facility installed for this purpose. |
| 3. | Purchase of audio gadgets and furniture for smart class using MVS budget | Purchased and installed |
| 4. | To construct a hall over the RUSA hall. It will cost 50 lakhs rupees and for this funds would be sought from some donor or boys fund | Under consideration and issue taken up again in next meeting of MVS |
| 5. | For new room and amenities for staff in department of Hindi budget of Rs. 20.0 lakh to be arranged from a donor/ CSR of industrial units in the district | Being worked upon |
| 6. | Approval of Rs. 1.5 lakh for development of a garden in the main campus | Work done using the given budget |
| 7. | To generate additional resource MVS fee to be increased to Rs. 400/- for each regular and non-collegiate students appearing at this examination center | Done |
| 8. | To retain untrained and untrained persons in college at minimum stipulated wages in the college on contract / temporary basis as per need using the fund of MVS | Temporary DTP operator, class IV staff and sweepers are kept on temporary basis as approved |
| 9. | To get the Master plan of college prepared as per its landscape from some professional | To be done |
| 10. | To arrange temporary faculties against the vacant posts in department of English lit., Political Science, Geology and Business administration for session 2021-22. | Temporary teachers were already made available under *Vidya sambal yojana* of our department (CCE, Govt of Rajasthan) |
| 11. | To appoint temporary librarian and lab assistants against vacant positions | Lab assistants are already appointed, and their salaries provided from MVS fund. Looking for suitable candidate for the post of librarian. |

राजकीय महाविद्यालय सिरोही (राज.)

Navneet
PRINCIPAL
GOVERNMENT COLLEGE
SIROHI